प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.07.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे

मुख्यमंत्री

प्रदेश में इस बार मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है और प्राकृतिक आपदा से राज्य को करोड़ों रूपए का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के आपदा प्रभावितों को रहने के लिए 5 हजार रुपये मासिक किराया देने का एलान किया है। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने ये जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में इस मॉनसून की भारी वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने की घटनाओं से राज्य में अब तक 7 सौ करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान को लेकर उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी बात की है जिस पर उन्होंने हिमाचल को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि बाढ़ और भूस्खलन से पूरी तरह से कट चुके मंडी जिला के सराज क्षेत्र में लोगों की सुविधा और राहत को ध्यान में रखते हुए रोपवे से यात्रा और सामान ढुलाई आगामी 7 से 10 दिनों तक पूर्णतः निःशुल्क होगी। कल देर सायं मंडी पहुंचने के बाद उप मुख्यमंत्री ने बगलामुखी रोपवे के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया और राहत कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस समय यह क्षेत्र पूरी तरह से बाहरी संपर्क से कटा हुआ है और रोपवे ही इसका एक मात्र साधन है।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सेना, प्रशासन, एन डी आर एफ और एस डी आर एफ की टीमें क्षेत्र में लगातार राहत और बचाव कार्यों में जुटी हुई हैं। मकेश अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार ने प्रशासन को प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा है कि मंड़ी जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र नाचन, सिराज और करसोग पर भारी बारिश के कारण हुए जान माल के नुकसान का जायजा लेने के लिए पार्टी के नेता दौरा करेंगे।

एक ब्यान में बिंदल ने कहा कि सिराज विधानसभा क्षेत्र में वे स्वयं दौरा करेंगे। इसी तरह नाचन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक रणधीर शर्मा, विधायक राकेश जमवाल व त्रिलोक जमवाल और करसोग विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा और विधायक लोकेंद्र कुमार मौजूद रहेंगे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं और मौसम विभाग ने आज से 9 जुलाई तक राज्य के कई जिलों में भारी वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 6 व 7 जुलाई को कांगड़ा, सिरमौर और मण्डी जिलों में अधिक बारिश के चलते बादल फटने और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती है, ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

अब सुर्खिया समाचार पत्रों से.

- **आज समाचार पत्रों ने मंडी जिला में बादल फटने से हुई तबाही से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।**

- **अमर उजाला की सुर्खी है—सराज में सेना ने संभाला मोर्चा, ड्रोन से भी तलाश प्रभावितों को हर माह 5 हजार किराया देगी सरकार।**

- **दिव्य हिमाचल की एक खबर है— विधानसभा चुनाव को भाजपा की बड़ी तैयारी, धूमल—शांता से मिले नड्डा, बंद कमरे में राजनीतिक मंत्रणा।**

- **मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है—कल बारिश का रेड अलर्ट, प्रदेश के 10 ज़िलों में अत्याधिक बारिश की चेतावनी।**